Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन।**

जयपुर, 13 जुलाई 2024। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय में एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा की अध्यक्षता में आज शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया।

महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज यह बताते हुए बेहद हर्ष हो रहा है कि हम 15 जुलाई 2024 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान का स्थापना दिवस मनाने जा रहें है। डॉ. मेहरडा ने कहा कि एसीबी राजस्थान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

महानिदेशक, एसीबी ने कार्यक्रम के विवरण और इसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। यह स्थापना दिवस टीम एसीबी को अपनी प्रतिबद्धता और लक्ष्यों की याद दिलाता है साथ ही इसका उद्देश्य है आमजन में भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना।

डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि इस समारोह के माध्यम से समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी दिया जाएगा। उन्होनें बताया की राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल महोदय श्री कलराज मिश्र द्वारा किया जाएगा एवं इस अवसर पर सरकारी अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी एवं प्रतिष्ठित नागरिकों एवं एसीबी राजस्थान टीम के सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित हैं। महानिदेशक, एसीबी ने बताया कि प्रदेश भर की सभी एसीबी चौकियों में एसीबी स्थापना दिवस के कार्यक्रम 15 जुलाई से 19 जुलाई तक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें आमजन की सहभागिता भी अपेक्षित है

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की *हैल्पलाईन नं.* 1064 *एवं* ***Whatsapp*** *हैल्पलाईन नं.* 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**